Title: Need for all round development of Phulpur Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh - Laid.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे फूलपुर संसदीय क्षेत्र के मऊआइमा, लाल गोपाल गंज, फूलपुर, हंडिया नगर, पंचायतों में पावरलूम तथा कुटीर उद्योग का कार्य होता है। सम्पूर्ण फूलपुर संसदीय क्षेत्र के किसान कृगि कार्य में अग्रणी हैं। पूरे क्षेत्र में पावरलूम, कुटीर उद्योग तथा कृगि कार्य बिजली के अभाव में बाधित हो रहा है। इस कारण यहां के हजारों मजदूर बेरोजगार हो रहे हैं।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि पं0 जवाहर लाल नेहरू, विजय लक्ष्मी पंडित, केशवदेव मालवीय, लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधान मंत्री वी0पी0 सिंह, डॉ0 राम मनोहर लोहिया, श्री जनेश्वर मिश्रा जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की कर्म स्थली फूलपुर संसदीय क्षेत्र में भारी उद्योग लगाए तथा पावरलूम, कुटीर उद्योग एवं कृगि कार्य को बढ़ावा देने के लिए बिजली मुहैया कराये। यहां के लोगों के स्वास्थ्य के लिए केन्द्रीय सरकार अस्पताल खुलवाये जिससे कि यहां के लोग अपना स्वास्थ्य लाभ उठा सकें।